जय सनातन
राष्ट्रहित सर्वोपरि
जय भारत






RSP
राष्ट्रीय सनातन पार्टी

# राष्ट्रीय सनातन पार्टी

पंजीकृत कार्यालय: म. न. 108-ए, भूतल, खसरा नंबर 60, 30 फूटा रोड,
नया सभापुर गुजरान, करावल नगर, दिल्ली-110090
www.rashtriyasanatanparty.org , E-mail: rashtriyasanatanparty@gmail.com 9412458954, 9410073474

RSP
राष्ट्रीय सनातन पार्टी

पत्रांक 02

दिनांक 28/03/2025

सेवा में,
महामहिम राष्ट्रपति,
भारत गणराज्य, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
माध्यम से, उपजिलाधिकारी फरीदपुर, बरेली।

**विषय : श्री रामजीलाल सुमन की राज्यसभा सदस्यता रद्द करने हेतु अनुरोध।**

महोदया, विषयान्तर्गत राष्ट्रीय सनातन पार्टी आपकी गरिमामयी संस्था को यह पत्र लिखते हुए यह आग्रह करती है कि राज्यसभा सांसद श्री रामजीलाल सुमन द्वारा राष्ट्रभक्त महापुरुष महाराणा सांगा को "गद्दार" कहकर संपूर्ण देशभक्त समाज का अपमान किया गया है। यह बयान न केवल ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है, बल्कि यह भारत के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करने का प्रयास भी है।

महाराणा सांगा भारतीय इतिहास के महान योद्धा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे महापुरुष को "गद्दार" कहकर संबोधित करना न केवल उनके सम्मान का हनन है, बल्कि यह राष्ट्रभक्तों की भावना को भी ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है।

रामजीलाल सुमन का यह बयान उनकी सदस्यता समाप्त किए जाने का पर्याप्त आधार प्रस्तुत करता है, क्योंकि—

1. उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास एवं महापुरुषों का अपमान कर राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को ठेस पहुंचाई है।

2. उनके बयान से समाज में विवाद एवं विद्वेष उत्पन्न हो सकता है, जो एक सांसद के आचरण के विरुद्ध है।

3. यह भारतीय संविधान की मूल भावना एवं लोकतांत्रिक मर्यादा का उल्लंघन है।

अतः, हम महामहिम राष्ट्रपति महोदया से यह आग्रह करते हैं कि राज्यसभा के सभापति को निर्देशित कर श्री रामजीलाल सुमन को राज्यसभा से निलम्बित कर राज्यसभा सदस्यता तत्काल समाप्त की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्रभक्तों के सम्मान को ठेस न पहुंचा सके।

हमें आशा है कि आप इस विषय में शीघ्र उचित निर्णय लेंगी।

सधन्यवाद।

दिनांक
28.03.25

मनोज कुमार यादव एडवोकेट
राष्ट्रीय संगठन मंत्री
राष्ट्रीय सनातन पार्टी
मो० 6398902687